206

# कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जैव विविधता संरक्षण एवं मुख्य वन्य प्राणी प्रतिपालक, झारखंड, रांची

पत्रांक– 196(विविध)08-09/873 रांची, दिनांक– 22/9/08

सेवा में,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,**
बंजर भूमि विकास बोर्ड,
झारखंड, रांची।

विषय– **मेसर्स इलेक्ट्रो स्टील कास्टिंग लिमिटेड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहपुर ब्लॉक में अवस्थित कोदलोबाद आरक्षित वन में दिरसुम्बुरू लौह अयस्क खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में।**

प्रसंग– **मेसर्स इलेक्ट्रो स्टील कास्टींग लिमिटेड का पत्रांक 0, दिनांक 18.09.08**

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि सर्वश्री इलेक्ट्रो स्टील कास्टिंग लिमिटेड ने भारत सरकार, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के पत्र संख्या J-11015/448/2007-1A.II (M), दिनांक 05.11.07 की छायाप्रति संलग्न करते हुए अवगत कराया है कि उनके खनन लीज एरिया के 10 कि0मी0 की दूरी के अंदर यदि कोई नेशनल पार्क, आश्रयणी, बॉयोस्फेयर रिजर्व, गज आरक्ष अथवा वन्यजीव कोरिडोर हो तब उसे नक्शे पर दिखाते हुए भारत सरकार को अवगत कराया जाना है। इस संबंध में प्रयोक्ता एजेन्सी के द्वारा 1:50000 टोपो नक्शे पर लीज एरिया दिखाते हुए नक्शा समर्पित किया गया है, जिसकी समीक्षोपरांत अधोहस्ताक्षरी का मंतव्य निम्नवत् है :–

1. प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा आवेदित खनन लीज क्षेत्र सिंहभूम गज आरक्ष्य के कोर एरिया में अवस्थित है।
2. खनन लीज क्षेत्र की 10 कि0मी0 परिधि के अंतर्गत कोई नेशनल पार्क, वन्य प्राणी आश्रयणी अथवा गज कोरीडोर अवस्थित नहीं है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में प्रयोक्ता एजेंन्सी द्वारा समर्पित नक्शे पर वांछित सूचना अंकित कर दो प्रतियों में इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है। अनुरोध है कि इस सूचना से भारत सरकार को अवगत कराने की कृपा की जाए।

**अनुलग्नक : यथोक्त**

विश्वासभाजन

22/9

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
जैव विविधता संरक्षण एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक,
झारखंड, रांची

कार्यालय-प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-कार्यकारी निदेशक बंजर भूमि विकास बोर्ड झारखण्ड, राँची
डाक : 2234
दिनांक : 26/9/08

D:\NIRAJ\PCCF Lett 2008\PCCF WL\Other.doc